## महत्वपूर्ण एवं खास

### नए मतदाताओं के ईपिक कार्ड का शुरू हुआ वितरण

**रायगढ़ जिले की चारों विधान सभा क्षेत्र के 26 हजार 7 सौ 20 ईपिक कार्ड जिला निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त**

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार नए मतदाताओं का एपिक कार्ड का वितरण पोस्ट ऑफिस के माध्यम से किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले के चारों विधान सभा क्षेत्रों के कुल 26 हजार 720 ईपिक कार्ड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। जिसका वितरण करने हेतु डाक विभाग को सूची सहित सुपुर्द किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि वितरण के संबंध में डाक विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार एपिक कार्ड का वितरण प्रारंभ हो चुका है। जिसमें 26 हजार 720 इपिक कार्ड में विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के 8172, विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के 5270, विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया के 6240 तथा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 19 धरमजयगढ़ के 7038 ईपिक कार्ड शामिल हैं। जो एपिक कार्ड किन्हीं कारणों से डाक विभाग के माध्यम से वितरित नहीं हो पाएंगे। उन्हें बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से वितरित किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु 1950 या 07762-223750 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सभी प्रत्याशी के व्यय लेखा का प्रथम जांच होगा 06 नवंबर को

**जनपद पंचायत सारंगढ़ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा जांच**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का मिलान और प्रेक्षक के समक्ष प्रथम जांच 06 नवंबर 2023 को कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सारंगढ़ में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने पत्र जारी कर कहा है कि सभी प्रत्याशी निर्धारित तिथि 06 नवंबर 2023 को प्रथम जांच, 10 नवंबर 2023 को द्वितीय जांच और 15 नवंबर 2023 को तृतीय जांच के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

### निर्वाचन कार्मिकों को सामग्री संग्रहण से वापसी तक का दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी के समक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिले के निर्वाचन कार्मिकों को निर्वाचन सामग्री संग्रहण से लेकर वापसी तक का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी और एस आर अजय ने दो पाली में प्रशिक्षण दिया।

### थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करें : पुलिस ऑब्जर्वर राजेंद्र कुमार मीणा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** पुलिस ऑब्जर्वर राजेंद्र कुमार मीणा ने एसडीओपी कार्यालय बिलाईगढ़ में थाना सलिहा, भटगांव और बिलाईगढ़ के प्रभारी पुलिस अधिकारियों का बैठक लिया। बैठक में मीणा ने पुलिस अधिकारियों को थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करने के निर्देश दिए। अवैध परिवहन के प्रकरण में जप्ति की कार्यवाही करना है। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर गोयल ने अवैध धान की आवक पर रोक लगाने चेक पोस्ट के औचक निरीक्षण के दिए निर्देश

- **कोचियों एवं बिचौलियों के द्वारा धान लाने पर होगी कार्यवाही**
- **कलेक्टर गोयल ने ली धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों की बैठक**
- **धान खरीदी को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी को लेकर आज एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने किसान पंजीयन के रकबा सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को अवैध धान के आवक को रोकने के लिए बनाए गए चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अंतर्राज्यीय सीमा में संवेदनशील समितियां हैं, ऐसे केंद्रो पर नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों सभी सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही किस्मवार स्टेकिंग एवं गुणवत्तायुक्त धान खरीदी के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा कि समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान विक्रय किए जाने पर खाद्य निरीक्षक एवं मंडी निरीक्षक के द्वारा प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बारदाने के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी समितियों में खरीदी हेतु पर्याप्त बारदाने उपलब्ध रहे। पीडीएस बारदाने के शत-प्रतिशत एकत्रीकरण को एसडीएम द्वारा समीक्षा करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हांकित संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों की विशेष निगरानी एसडीएम/ तहसीलदार रखेंगे। साथ ही अनियमितता पाये जाने पर तत्काल प्रकरण तैयार करें। उन्होंने सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान की आवक रोकने हेतु स्थापित चेकपोस्ट की सघन निगरानी और निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान उपार्जन केन्द्रों में नमी मापक यंत्र एवं संभावित वर्षा को देखते हुए लेयर ड्रेनेज तथा पर्याप्त कैप कव्हर की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सहकारिता एवं अपेक्स बैंक को निर्देशित किया। कलेक्टर गोयल ने जिले के सभी धर्मकांटो का पुन: सत्यापन करने, खरीदी केन्द्रों/ मिल में वजन शार्टेज की कमी न हो सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समिति, उपार्जन केन्द्र, मिल, उठाव किसी भी स्तर में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति, विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर समस्त एसडीएम गगन शर्मा, रोहित सिंह, अक्षा गुप्ता, डिगेश पटेल, सर्व तहसीलदार, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सी.एस.जायसवाल, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अपेक्स बैंक पंकज सोढ़ी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम आदिनारायण, जिला विपणन अधिकारी प्रवीण पैकरा, मंडी सचिव रायगढ़, खरसिया एवं घरघोड़ा तथा खाद्य विभाग के समस्त मैदानी अमला उपस्थित रहे।

## बाकारूमा बैरियर में जांच दौरान पिकअप वाहन में मिला 2.93 लाख रुपए कैश

- **हिसाब ना देने पर पुलिस ने किया जब्त**
- **चौकी रैरूमाखुर्द पुलिस और SST टीम की संयुक्त कार्यवाही**
- **नकद रुपए जब्ती की निर्वाचन कार्यालय को दी गई सूचना**



**रायगढ़।** आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन कराने प्रशासन और पुलिस की टीम मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। कल दिनांक 03/11/2023 के रात्रि धरमजयगढ़-पत्थलगांव मुख्य मार्ग पर बाकारूमा बैरियर में चौकी रैरूमाखुर्द पुलिस और एसएसटी टीम वाहनों की जांच में लगी हुई थी। इसी दरम्यान पिकअप क्रमांक सीजी 14 एम के 1544 अंदर एक काले रंग के बैग में जांच टीम को 2,93,850/- रुपये कैश मिला। पिकअप वाहन में मौजूद संतोष अग्रवाल पिता स्वर्गीय राजकुमार अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी पत्थलगांव, जशपुर को पुलिस टीम द्वारा नकद रूपयों के परिवहन का प्रयोजन जाने पूछताछ कर नोटिस के माध्यम से वैध दस्तावेज की मांग किया गया। संतोष अग्रवाल द्वारा किसी पर का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवागंन द्वारा धारा 102 CrPC के तहत नकद रूपयों की जप्ती कार्रवाई कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना दिया गया है।

विदित हो कि एसएसपी सदानंद कुमार के मार्गदेशन पर समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण द्वारा एसएसटी टीम की मॉनिटरिंग की जा रही है एवं सबंधित थाना, चौकी प्रभारी लगातार क्षेत्र के एसएसटी टीम के साथ वोटरों को लुभाने वाली सामाग्रियों को बार्डर में ही पकड़ने एवं कार्यवाही के खास इंतजाम किये गये हैं।

## सामान्य प्रेक्षक एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का हुआ द्वितीय रेण्डमाईजेशन



**रायगढ़।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, आईएएस सी.एन.लोंगफाई, आईएएस ससीम कुमार बरई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहें।

कलेक्टर गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधान सभावार मतदान केन्द्रों की संख्या एवं मशीनों के आवश्यकता की जानकारी दी। इस दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों का विधानसभा वार ऑनलाइन आबंटित किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आरओ के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन कर उसकी प्रति सौंपी गई।

इस अवसर पर आरओ गगन शर्मा, रोहित सिंह, अक्षा गुप्ता एवं राजनीतिक दलों से राजेश पाण्डेय, आशीष शर्मा, प्रिंकल दास, अशोक गार्डिया, गुरूवारी जीनत परवीन, पिन्टू सिंह, दीपक अग्रवाल, आलोक स्वर्णकार, रवि लाल राठिया, इबरार अहमद, आनंद सिदार, भजन सिदार उपस्थित रहे।

**ईवीएम एवं वीवीपैट को वेयर हाउस से भेजा गया स्ट्रॉन्ग रूम-** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन होने के पश्चात कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाऊस को राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। तत्पश्चात मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का विधानसभा क्षेत्रवार पृथक मशीनों को वेयर हाउस से संबंधित विधानसभा के स्ट्रॉन्ग रूम कंटेनर के माध्यम से भेजा गया।

## विद्यार्थियों ने पेंटिंग कर वोट देने के लिए किया अपील, सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक हुई शामिल





**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज वार्ड क्रमांक 17 के गणेश तालाब में मतदाता जागरूकता हेतु वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। आयोजित मतदाता जागरूकता वॉल पेंटिंग में सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक शामिल हुयी। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता देते हुए पेंटिंग के माध्यम से जन-सामान्य को वोटिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से निर्वाचन से संबंधित प्रश्न भी पूछे। विद्यार्थियों द्वारा सही जवाब देने पर उनका हौसला आफजाई की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी भी उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता एवं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिले भर में नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं, ताकि जिन वार्ड, बूथ में मतदान की प्रतिशत कम है उसे बढ़ाया जा सके। इसी क्रम में आज वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने विद्यार्थियों संग वॉल पेंट कर एवं सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की।

**मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्दर यादव के निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत तमनार वीरेन्द्र रॉय के मार्गदर्शन में ग्राम मिलूपारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला, रंगोली बनाकर एवं रैली निकालकर लोगों से मतदान हेतु अपील की गई। इसी तरह ग्राम पंचायत गोढ़ी में महिलाओं ने पोस्टर बैनर के स्लोगन के माध्यम लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

## डिलीवरी बॉय से रुपए मांगकर मारपीट व लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

- **कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गैर जमानतीय धाराओं में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** बीते दिनों शॉपिंग साइट अमेज़न से खरीदी ग्राहकों के सामानों को डिलीवरी बॉय थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बावली कुंआ शीतला मंदिर के पास डिलीवरी करने गया था जिससे मोहल्ले के कुछ युवक जबरन रूपयों की मांग कर झगड़ा विवाद करते हुए उसके जेब से नगद रु. 1500 और उसके पार्सल बैग में रखे ग्राहकों के खरीदी सामान 3 पैकेट ( 2 मोबाइल पैकेट + 1 जूता पैकेट) को छीन कर डिलीवरी बॉय को मारने पीटने की धमकी देकर मोहल्ले से भगा दिए। घटना को लेकर पीड़ित डिलीवरी बॉय प्रभात पटेल (21 साल) निवासी मधुबन मोदीपारा रायगढ़ द्वारा 2 नवंबर 2023 को थाना कोतवाली रायगढ़ में लिखित आवेदन देकर बताया कि 02 नवंबर के दोपहर बावली कुआं शीतला मंदिर के पास 3-4 लड़कों द्वारा जबरन रूपयों की मांग कर मोटरसाइकिल के वाइजर को तोड़ने लगे जिन्हें मना करने पर वे एक साथ मिलकर गाली, गलौज मारपीट करने लगे और जेब से नगद रु. 1500 और उसके पार्सल बैग में रखे ग्राहकों के खरीदी सामान 3 पैकेट को लूटकर भाग गये। पीड़ित के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में मारपीट, लूट का अपराध आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वर्तमान में प्रभावशील आचार संहिता दौरान घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल अपने स्टाफ को आरोपियों की पतासाजी में लगाया गया, पुलिस आरोपियों के सकुनत बावली कुंआ में दबिश दिया गया, आरोपियों के घटना के बाद से मोहल्ले से फरार होने की जानकारी मिली। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के संबंध में मूखबीर लगाया गया था आज दिनांक 04/11/2023 को मुखबिर सूचना पर लूटपाट की घटना में शामिल आरोपी सोनू सिदार को कोतवाली पुलिस द्वारा दशरथ पान ठेला कोतरारोड़ के पास पकड़ा गया जो अपने साथी तरंग सेंदरिया व अन्य के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी सोनू सिदार से मिली जानकारी पर अन्य आरोपियों के सकुनत पर छापेमारी किया गया जिसमें आरोपी तरंग सेंदरिया को गिरफ्त में आया। दोनों आरोपियों ने घटना दिनांक को डिलीवरी बॉय से लूटपाट के रु. 1500 को दोनों आपस में बांट लेना बताये। आरोपियों के कब्जे से रु. 700-रु. 700 नगद और घटना में प्रयुक्त एक ईट का टुकड़ा वजह सबूत जप्त किया गया है। आरोपियों की संख्या 5 से अधिक होने पर प्रकरण में धारा 394 को हटाकर धारा 395 जोड़ी गई है। प्रकरण के दोनों आरोपी- (1) सुधीर सिदार उर्फ सोनू सिदार पिता ईश्वर सिदार उम्र 26 साल निवासी कोतरारोड बावली कुंआ शीतला मंदिर के पास थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ (2) तरंग सेंदरिया पिता राजेश सेंदरिया उम्र 20 साल निवासी तेलनपाली बीएसएनएल क्लब के सामने बृजराज नगर थाना बृजराज नगर जिला झारसुगुड़ा (उड़ीसा) को गैरजमानतीय, गंभीर अपराध में गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी, भगवती प्रसाद रत्नाकर, घनश्याम बरेठ, कमलेश सागर, कीर्ति सिंह राजपूत की अहम भूमिका रही है।

## मोबाइल का टार्च जलाकर मैदान पर जुआ खेल रहे 6 जुआरी गिरफ्तार

- **जुआरियों से 3 मोबाइल और जुआ रकम 4,795 रु जब्त**
- **कोरियादादर मैदान टारपाली में चक्रधरनगर पुलिस ने की जुआ रेड कार्रवाई**

रायगढ़। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर सभी, थाना, चौकी प्रभारीगण आचार संहिता का प्रभावी रूप से पालन कराने क्षेत्र में मुखबिर लगाकर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 03.11.2023 की रात्रि थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि कोरियादादर मैदान टारपाली के पास कुछ जुआरियान मोबाइल के टॉर्च जलाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा गस्त के लिए थाना आए स्टाफ की टीम बनाकर कोरियादादर रेड कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान की घेराबंदी कर 2 जुआ फड पर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें 6 जुआरियान को मोबाइल की रोशनी पर ताश खेलते हुए पकड़ा गया है जिनके पास एवं फड से नगद रु. 4,795 और 3 मोबाइल ओप्पो, MI और सैमसंग के जप्त किए गए हैं।

जुआरियान पर थाना चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। टीआई प्रशांत राव अहेर के मार्गदर्शन पर जुआ रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक अभय यादव, सुशील यादव, चंद्र कुमार बंजारे, शांति मिरी, शशि चौहान और राजेश सिदार शामिल थे।

## जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, फड से 7,000 रुपए जब्त

- **अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई जारी**

**रायगढ़।** दीपावली के नजदीक आते ही 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने वालों की सक्रियता को देखते हुए एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर रात्रि गस्त दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीरों से सूचनाएं लेकर जुआ फड पर रेड कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 03-04/11/2023 की रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा रामपुर शराब भट्टी के सामने सड़क पर ताश पत्ती जुआ की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर कोतवाली पुलिस टीम ने 9 जुआडियान - (1) अवधेश वैष्णव पिता उत्तम वैष्णव 25 साल छूहीपाली थाना सारंगढ़ हाल मुकाम दर्रीडीपा रायगढ़ (2) शिवकुमार बरेठ पिता रामेश्वर बरेठ 34 साल सुलोनी थाना सारंगढ़ हाल मुकाम दर्रीडीपा रायगढ़ (3) जय किशन सिदार पिता अजीत सिदार 21 साल ग्राम सिंहा उमरिया थाना पुसौर रायगढ़ (4) आदिल मिर्जा पिता अहमद मिर्जा 22 साल निवासी चांदमारी रायगढ़ (5) जिशान अली पिता असमल अली 23 साल गोवर्धनपुर रायगढ़ (6) त्रिदेव चौहान पिता सुरेश चौहान 28 साल बड़े रामपुर रायगढ़ (7) अशोक चौहान पिता खुशीराम चौहान 26 साल इंदिरा नगर थाना कोतवाली रायगढ़ (8) ओमप्रकाश पर पिता कृष्ण नाथ 35 साल तुरीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ (9) सद्दाम हुसैन पिता हसन खान 35 साल चांदमारी रायगढ़ को पकड़ा गया है। जुआरियों से 52 पत्ती ताश तथा रु. 7000 नगद जप्ती की गई है। थाना कोतवाली में आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है।

जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी, भगवती प्रसाद रत्नाकर और हेमसागर पटेल शामिल थे।

## दुकान के बाहर से इलेक्ट्रिक गीजर चुराने वाले 2 आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

- **आरोपियों से क्राप्टन कंपनी के 2 नए गीजर बरामद**
- **चोरी के अपराध में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट पेश कर भेजा जेल**



**रायगढ़।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर डिस्प्ले के लिए रखे दो नये इलेक्ट्रिक गीजर को दो अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। सीसीटीवी में दिख रहे दो संदिग्ध चोरों को कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खोज निकाली, दोनों आरोपियों से चोरी गए दो काप्टन कंपनी के गीजर की जप्ती कर चोरी की अपराध में जेल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार 2 नवंबर की रात थाना कोतवाली में नटवरलाल गोयल निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास रायगढ़ द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके संस्थान प्लेटिनम सेल्स में अभी दिवाली के समय दुकान गेट के सामने डिस्प्ले के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटम रखे गए हैं। 1 नवंबर के शाम दुकान का कर्मचारी ग्राहक को दिखाने दुकान के बाहर रखे इलेक्ट्रिक गीजर लेने गया तो जानकारी हुआ कि 2 नये गीजर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। संस्थान संचालक नटवरलाल गोयल के रिपोर्ट पर द्वारा थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे एवं हमराह स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर आसपास दुकानवालों से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे, तत्काल उनकी पतासाजी में कोतवाली पुलिस जुट गई, घटना की सूचना के 24 घंटे के भीतर दोनों संदेही-आकाश बेहरा और मोहम्मद असलम को कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा हिरासत में लेकर थाना लाया गया। संदेही आकाश बेहरा प्रतिदिन शहर में दुकानों के बाहर कबड्डी समान बिनने का काम करता है और मोहम्मद असलम केवड़ाबाडी के पास फल ठेला लगाता है। दोनों से दुकान के बाहर गीजर चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर दोनों चोरी करना स्वीकार किये जिनके निशानदेही पर क्राप्टन कंपनी के 3 लीटर वाली 2 गीजर कीमत रु. 10000 आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी - (1) मोहम्मद असलम पिता अब्दुल सत्तार उम्र 44 साल निवासी बाजीराव महरापारा थाना जूटमिल रायगढ़ (2) आकाश बेहरा पिता गणेश बेहरा उम्र 25 साल निवासी बिसीपड़ा वार्ड नंबर 07 बरगढ़ (उड़ीसा) हाल मुकाम रेलवे स्टेशन के बाहर रायगढ़ को कल दोपहर चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर जेएमएफसी रायगढ़ के न्यायालय रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर आरोपियों की तत्काल पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, सहायक उप निरीक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक जगमोहन ओग्रे और उत्तम सारथी की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480